आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 22.11.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- अंडमान निकोबार द्वीप समूह की जरावा जनजाति को मतदाता सूची में शामिल करके भारत के लोकतांत्रिक दायरे में लाया गया है।
- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं की तारीखों की घोषणा कर दी है।
- सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से "हिट एंड रन मोटर दुर्घटना के पीड़ितों को मुआवजा योजना, दो हजार बाईस'' नामक योजना की शुरूआत की गई है।
- ज़िला बाल संरक्षण इकाई की ओर से टुसनाबाद के ग्राम पंचायत भवन में कल अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस मनाया गया।
- स्कूली बच्चों के लिए तैराकी कोचिंग कक्षाएं आज से नेताजी स्टेडियम में शुरू होने जा रही है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह की जरावा जनजाति को मतदाता सूची में शामिल करके भारत के लोकतांत्रिक दायरे में लाया गया है। पहली बार जरावा समुदाय के सदस्य चुनावी प्रक्रिया में भाग लेंगे, जो देश की लोकतांत्रिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। बूथ लेवल अधिकारी को फॉर्म–छः जमा करके कुल उन्नीस जरावाओं को मतदाता सूची में नामांकित किया गया है। मुख्य सचिव केशव चंद्र ने जिरकाटांग क्षेत्र में जरावा जनजाति के एक सदस्य से उनके गांव में व्यक्तिगत रूप से पहला फॉर्म–छः प्राप्त किया। दक्षिण अंडमान के जिला चुनाव अधिकारी अर्जुन शर्मा के नेतृत्व में नामांकन प्रक्रिया जारवा लोगों की परंपराओं और गोपनीयता के प्रति सम्मान के साथ आयोजित की गई। सांस्कृतिक अखंडता और सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए, अंडमान आदिम जनजाति विकास समिति ने जारवा समुदाय को चुनावी प्रक्रिया के बारे में शिक्षित करने और उनके पंजीकरण में सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह पहल आदिवासी समुदायों को उनकी विशिष्ट पहचान को संरक्षित करते हुए उन्हें सशक्त बनाने के लिए प्रशासन की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। मुख्य सचिव ने इस अवसर पर कहा कि यह हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

जारवा सहित सभी आदिवासी समुदायों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से समझौता किए बिना अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करने का अवसर प्रदान करना सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

**<><><><><><><>**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सी बी एस ई ने दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं की तारीखों की घोषणा कर दी है। बोर्ड की परीक्षाएं पन्द्रह फरवरी दो हजार पच्चीस से शुरू होंगी। कक्षा दसवीं की परीक्षाएं अट्ठारह मार्च को, जबकि कक्षा बारहवीं की परीक्षाएं चार अप्रैल को सम्पन्न होंगी।

**<><><><><><><>**

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, ने "हिट एंड रन मोटर दुर्घटना के पीड़ितों को मुआवजा योजना, दो हजार बाईस" नामक एक योजना शुरू की है। इस योजना ने पहले की सॉलटियम योजना, उन्नीस सौ नवासी का स्थान लिया है। इस योजना के तहत हिट एंड रन मोटर दुर्घटना के पीड़ितों को मृत्यु की स्थिति में दो लाख रूपये और गंभीर चोट की स्थिति में पचास हजार रूपये का मुआवजा दिया जाएगा। द्वीपसमूह में योजना के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए, संबंधित उपायुक्तों की अध्यक्षता में सभी तीन जिलों के लिए जिला स्तरीय समितियों का गठन किया गया है। दक्षिण अंडमान जिले के लिए जिला स्तरीय समिति की पहली बैठक हाल ही में दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान, अध्यक्ष ने योजना के बारे में जानकारी दी। हिट–एंड–रन मामलों में पीड़ित या उनके परिजन, क्षेत्र के तहसीलदार को आवेदन कर सकते हैं। तहसीलदार को दक्षिण अंडमान जिले के लिए दावा जांच अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। संबंधित पुलिस थाना पीड़ितों को इसमें सहयोग प्रदान करेगी। दावों के लिए जांच और अनुमोदन प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से आयोजित की जाएगी, और मुआवजे की राशि सीधे दावेदारों के बैंक खातों में सामान्य बीमा परिषद द्वारा जमा की जाएगी। इस सिलसिले में तीस नवम्बर को सुबह दस बजे श्री विजयपुरम के तहसीलदार की ओर से एक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। एक अप्रैल दो हजार बाईस से घटित हिट–एंड–रन मामलों के पीड़ितों या उनके परिजनों को योजना का लाभ उठाने के लिए शिविर में भाग लेने को कहा गया है। संबंधित जिला मजिस्ट्रेटों की अध्यक्षता में मध्योत्तर अंडमान और निकोबार जिलों में भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संबंधित क्षेत्रों के तहसीलदार या सहायक आयुक्त को इन जिलों के लिए दावा जांच अधिकारी के रूप में अधिसूचित किया गया है।

**<><><><><><><>**

ज़िला बाल संरक्षण इकाई की ओर से टुसनाबाद के ग्राम पंचायत भवन में कल अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस मनाया गया। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य बच्चों को स्थानीय मुद्दों को संबोधित करने और लोकतांत्रिक प्रथाओं को समझते हुए अपने अनुभवों को साझा करने का मंच प्रदान करना है। इस अवसर पर दक्षिण अण्डमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा मुख्य अतिथि थे। उन्होंने बच्चों को बधाई देते हुए अधिकारों और ज़िम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होने बच्चो को आदर्शों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सूचना प्रचार और पर्यटन निदेशक अज़रूद्दीन ज़हरूद्दीन क़ाज़ी, उप–विभागीय मजिस्ट्रेट विनायक चमाड़िया और फरारगंज तहसीलदार कार्पर–जेम्स भी उपस्थित थे। ग्राम पंचायत प्रधान आनन्द अमृत राज ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत परिसर में एक पुस्तक बैंक भी लॉन्च किया गया, ताकि बच्चों में ज्ञान को बढ़ावा मिल सके। इस दौरान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टुसनाबाद के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बच्चों, अभिभावकों और पंचायती राज संस्था के सदस्यों ने भाग लिया।

**<><><><><><>**

राष्ट्रीय लोक प्रसारक प्रसार भारती ने अपना ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स लॉन्च कर दिया है। गोवा में पचपनवें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव–इफ्फी के उदघाटन समारोह में इसका अनावरण किया गया। डिजिटल स्ट्रीमिंग सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के साथ–साथ वेव्स का उद्देश्य आधुनिक डिजिटल रुझानों को अपनाते हुए पुरानी यादों को ताज़ा करना है। प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कहा कि वेव्स अन्य ओटीटी प्लेटफॉर्म की तुलना में अनूठा है।

**<><><><><><>**

खेल और युवा मामले निदेशालय द्वारा स्कूली बच्चों के लिए तैराकी कोचिंग की कक्षाएं शुरू की जा रही है। आज शाम साढ़े तीन बजे नेताजी स्टेडियम स्थित तरण ताल में उदघाटन समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर सभी पंजीकृत छात्रों और उनके अभिभावकों से उपस्थित रहने को कहा गया है।

**<><><><><><>**

इकहत्तरवें अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह के समापन समारोह के अवसर पर डिगलीपुर में "प्राथमिक कृषि ऋण समिति–पैक्स के विकास के लिए सहकारी समितियों को उद्यमों में बदलना" और "विकसित भारत के निर्माण में सहकारी समितियों की भूमिका" विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए अंडमान निकोबार राज्य सहकारी संघ के अध्यक्ष कुलदीप राय शर्मा ने पैक्स के लिए अपनाई गई विभिन्न पहलों जैसे सामान्य सेवा केन्द्र, खाद की दुकानें, बीज व्यवसाय, पटाखों की बिक्री, किराये पर ट्रैक्टर, किसानों को उनकी कृषि उपज बेचने में सहायता के लिए मोबाइल ग्रामीण वैन आदि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इक्कतीस पैक्स को भारतीय सहकारिता समिति की सदस्यता दी गई है। कृषक समुदाय को मजबूत बनाने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि हमारा मुख्य ध्यान किसानों की आय में वृद्धि करना है। कार्यक्रम में बैंक और पैक्स के अधिकारियों ने भाग लिया।

**<><><><><><><>**

समाचार पत्रों की सुर्खियां

नौसेना कीन्डर गार्डन स्कूल के कमाण्डिंग ऑफिसर, अध्यक्ष और छात्रों ने उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी से राजनिवास में मुलाकात करने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है। कार–निकोबार के स्कूलों में तपेदिक की रोकथाम और नियंत्रण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को इंफो इंडिया ने पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है। मुख्य सचिव द्वारा जिरकाटांग क्षेत्र में जारवा जनजाति के एक सदस्य से व्यक्तिगत रूप से पहला फार्म –छह प्राप्त करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है। अण्डमान निकोबार पुलिस को प्रतिष्ठित वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स प्रमाणन प्राप्त होने को समाचार को द अण्डमान एक्सप्रेस में जगह मिली है।

**<><><><><><><>**